तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 11 मई 2024

11 कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों से मुलाकात कर दी शुभकामनाएं



12 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 14 वर्षों में 203 किमी सड़क नहीं बनी





## खबर संक्षेप

### रायपुर की टीम ने बस्तर की 10 सड़कों की जांची गुणवत्ता



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग रायपुर के प्रमुख अभियंता के निर्देश पर सीजीआरआईडीसीएल की टीम ने बस्तर संभाग के अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों का चलित प्रयोगशाला मोबाईन वैन से जांच की। इसमें कांकेर जिले के कलगांव, हरनगढ़ बाजार से मरकापारा, भानुप्रतापपुर-दुर्गकोंदल-पखांजूर-बांदे, संबलपुर, कुस्टीकुर-आलबेड़ा, कोटेला से हटकाचारामा, पिढ़ापाल से धनतुलसी, सुकमा जिले के महादेव डोंगरी-होर्ड कार्यालय से एनएच 30 तक एवं ग्राम किकिरपाल माता मंदिर से नयापारा तक मार्ग निर्माण के गुणवत्ता की जांच की। जांच में त्रुटि एवं कमी की रिपोर्ट सीई कार्यालय को भेजा गया।

**नहीं दी रिपोर्ट :** चलित प्रयोगशाला प्रभारी कार्यपालन अभियंता सीएस कोमरे के अनुसार सीजीआरआईडीसीएल रायपुर की टीम ने गुणवत्ता के जांच की रिपोर्ट नहीं दी। इससे यह जानकारी नहीं मिल पाई की गुणवत्ता में कमी है कि नहीं।

### कुटरू की किराना दुकान में लगी आग



**बीजापुर।** जिले के कुटरू में बीती रात एक किराना की दुकान में आग लगने की वजह से वहां रखा लाखों रुपये का सामना जलकर खाक हो गया है। कुटरू तहसीलदार वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुटरू में बेदरे जाने वाले मार्ग पर विजय आनंद नाम के एक किराना व्यवसायी की दुकान में बीती रात आग लग गई। इस आगजनी की घटना से दुकान में रखा करीब 80 फीसदी से ज्यादा सामान जलकर खाक हो गया हैं। जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है। तहसीलदार श्रीवास्तव ने बताया कि रात में कुटरू में बिजली गुल होने की वजह से दुकानदार ने दुकान में मोमबत्ती जला रखा था। जाते वक्त दुकानदार ने मोमबत्ती बुझाना भूल गया और रात तकरीबन 11 बजे के आसपास आग भड़क उठी और दुकान में रखा सामान व बड़ा फ्रीजर जलकर जलकर खाक हो गया। तहसीलदार ने बताया कि पटवारी मौके पर गये हुए है। पंचनामा व प्रकरण तैयार कर उच्च उच्च अधिकारियों के यहां पेश करेंगे।

### भाजपा कार्यालय मंत्री की कार पेड़ से टकराई

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह रायपुर से भानुप्रतापपुर 9 मई को वापिस आते समय भानुप्रतापपुर से पहले 6 किलोमीटर दूर कांकेर मार्ग पर ट्रक की लाईट की रोशनी से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री घायल हो गए। भानुप्रतापपुर में प्राथमिक ईलाज के उपरांत बेहतर ईलाज और जांच के लिए हायर सेंटर भेजा गया था, जाँच के उपरांत वापिस घर आए गए, स्थित ठीक है। पुलिस ने बताया कि उनकी स्थिति ठीक है, ज्यादा चोट नहीं आई है।

### पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और स्टाप डेम में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

# कोलेंग में धुरवा समाज के 36 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, दिया गया प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

धुरवा समाज का 18वां दो दिवसीय स्थापना दिवस प्रकृति के गोद में बसा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के कोलेंग में मनाया गया। विकासखंड दरभा का यह गांव जगदलपुर से 50 किमी दूरी में स्थित है। बास्ता बुदिन गुड़ी के मैदान में बड़ी संख्या में धुरवा समाज के लोग पहुंचे थे। 36 जोड़ों का सामाजिक रीति रिवाज से विवाह संपन्न किया गया।

इस मौके पर देव तेल हल्दी चढ़ाकर माय पानी, देव पानी नवदंपत्ति पर जल डाली गई और परंपरा का निर्वहन किया गया। धुरवा आदिवासी समाज में विवाह जोड़ा को सेमर वृक्ष के टहनी को जमीन में गाड़ कर उसके समक्ष दुल्हा को बैठा कर उसके उपर दुल्हन को बैठा कर तेल, हल्दी, पानी डाला गया। अधिकांश समाज में अग्नि को साक्षी मानकर विवाह संपन्न किया जाता है पर धुरवा आदिवासी समाज में जल को पवित्र मानकर तथा सेमर वृक्ष को साक्षी मानकर विवाह किया जाता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है ऐसे परिवार और विवाह योग्य युवक, युवतियों का सामुहिक विवाह संपन्न किया गया। सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तीन जोड़ों का विवाह समाजिक रीति रिवाज से हुआ था जिन्होंने घर में फिजूल खर्ची नहीं किया था उन्हें भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के तड़क भड़क आधुनिक समय में समाज के लोग अपनी कमाई से अधिक खर्च कर अपनी जमीन जायदाद तक गिरवी रखकर ▸▸| शेष पेज 10 पर



### स्थापना दिवस पर पहुंचे समाज के लोगों ने फिजूल खर्ची पर रोक लगाने कहा



#### 12वीं तक पढ़ाई को अनिवार्य किया गया

दूसरे दिन समाज प्रमुखों के द्वारा शिक्षा को 12वीं तक अनिवार्य करने पर जोर दिया गया। धुरवा समाज के अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, डाक्टर, इंजीनियर, कृषि अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, रेलवे इंजीनियर, वन विभाग व पुलिस में सेवा दे रहे हैं। विधायक अंतुराम कश्यप और स्व. भुरसू रामनाग थे। संभाग स्तर पर धुरवा समाज को संगठित कर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए माता-पिता को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा छात्रावास, आश्रम में पढ़ाने की बात कही गई। कॉम्पिटीशन एक्जाम के लिए तैयार करने की बात रखी गई। हर्ष कुमार कश्यप धुर मेडिकल परीक्षा निट 2023 में 351 अंक अर्जित कर सफलता हासिल करने पर समाज के ओर से सम्मानित किया गया।

## प्रतिभा: सुदूर गांव के बच्चे शहर में पढ़ाई कर मनवाया लोहा

# किसान, मजदूर, मैकेनिक के बच्चों ने पढ़ाई में बस्तर का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- पोड़ागुड़ा का रिजल्ट शतप्रतिशत, बालिकाओं ने मारी बाजी

हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के रिजल्ट इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए संतोषजनक रहा। खासकर पहाड़, नदी, नालों के उस पर दुर्गम क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी जो घर द्वार माता-पिता और परिवार को छोड़ शहर में पढ़ाई कर रहे हैं अब वे भी शहरी बच्चों को पछाड़ रहे है। बस्तर के सुदूर ग्राम के आदिवासी विद्यार्थी इस साल बोर्ड परीक्षा में अपना लोहा मनवाया है। किसी के पिता किसान, तो किसी के मजदूर और मेकेनिक जैसे छोटा-मोटा कार्य करते है। ऐसे परिवार के बच्चे शहर में आकर 6 घण्टे की नियमित पढ़ाई और शिक्षकों से समय पर मार्गदर्शन लेकर इस मुकाम को हासिल किया है। यही कारण है कि बकावंड ब्लाक के जैबेल में निवासरत अजित देवांगन 10 वीं में 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहा। अजित के पिता किसान है और छोटा मोटा व्यापार करते है। नेल्सा गवर्णा भी जगदलपुर आवासीय विद्यालय में अध्ययन कर 10 वीं में टॉपर रही। वही कोंडागांव जिले के बडेराजपुर ब्लाक एक छोटे से गांव जामपारा बड़बतार निवासी मनीष सोम भी 10वीं में 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहे। इसी क्रम में तोकापाल, पोडागुड़ा, लोहंडीगुड़ा, बस्तर के विद्यार्थी अव्वल रहे। शहर से सटे गांव के स्कूल शासकीय हाई स्कूल पोड़ागुड़ा के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। यहां अध्यनरत 22 छात्र-छात्राओं में 21 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में व 1 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्कूल में प्रथम कुमारी ईश्वरी 83.33 प्रतिशत एवं द्वितीय कुमारी सुनीता 83.32 तथा तृतीय, कुमारी अनिता 81.33, कुमारी जाह्नवी 81.33 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण हुए।



### पंचायत जनप्रतिनिधियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की

शासकीय हाई स्कूल पोडागुड़ा के छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर सरपंच सुभद्रा बघेल, उप सरपंच तिलक राम, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने तथा प्राचार्य अनिल प्रसाद गुप्ता, शिक्षकगण मनीपुष्पीका भदोरिया, रश्मि मंडल, सुनीति पाणिग्रही, संगीता सील, सुभाष सिंह, तथा भृत्य एकता विश्वकर्मा, दयानंद डोंगरे ने बच्चों को शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बाइक-कार में टक्कर, 2 मृत





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

- राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में जावंगा के पास हुआ हादसा
- तेज रफ्तार की वजह से गुरुवार देर रात हुआ, एक घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में एजुकेशन सिटी जावंगा के पास गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार बाइक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसे उपचार के लिए पुलिस टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद बाइक के साथ-साथ कार के भी परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि तीनों युवक घर से तैयार होकर निकले थे, इसी दौरान रात के लगभग 10 बजे विपरीत दिशा जगदलपुर की ओर से आ रही कार से जावंगा के नजदीक जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक में सवार तीनों युवक बाइक के साथ बहुत दूर जाकर गिरे। गीदम थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने बताया कि बालुद गांव का रहने वाला पवन कड़ियाम अपने दो दोस्तों रोहित ठाकुर और रामचंद यादव के साथ बाइक से शादी में शामिल होने लोहंडीगुड़ा जा रहे थे। इसी दौरान जगदलपुर की ओर से आ रही कार से टक्कर हो गई जिससे बाइक में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। वही कार में सवार तीन व्यक्तियों को मामूली चोट आई है। प्रथम दृष्टया यह मामला अनियंत्रित रफ्तार के कारण हुआ सड़क हादसा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मर्म कायम कर घटना की विवेचना में जुट गई है।

# चलती ट्रेन पर चढ़ते पैर फिसला पटरी पर गिरा, बाल बाल बचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जाको राखे साइयां मार सके ना कोय यह वाक्य शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन में चरितार्थ होते दिखा चिलकुटी निवासी अधिवक्ता गिरीश शेन्द्रे पर। वे भुवनेश्वर जाने रेलवे स्टेशन पहुंचे हीराखण्ड एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय शाम साढ़े 4 बजे स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन छूटने के बाद गिरीश प्लेटफॉर्म में दौड़ लगाकर बोगी में पहले अपना लगेज फेंका, फिर दरवाजे से लगे लोहे का पोल पकड़ने का प्रयास करने लगे। इस बीच उनका संतुलन बिगड़ा और चलती ट्रेन के नीचे गिर पड़े। 15 से 20 सेकेंड तक उनका आधा शरीर पटरी किनारे ऊपर और आधा हिसा नीचे रहा और वे ट्रेन के साथ चार-पांच राउंड घूमते पटरी के नीचे चले गए। इस बीच अपने रिश्तेदार को छोड़ने स्टेशन पहुंचे भाजपा नेता आशुतोष पाल घटना को देख चिल्लाने लगे। चूंकि ट्रेन की रफ्तार कम थी, पूरे रेक के अंतिम दो बोगी के आगे एसएलआर बोगी में ड्यूटीरत गार्ड की ओर इशारे करते आशुतोष ने ट्रेन को रोकने को कहा। तब तक पीड़ति गिरीश दिख नहीं रहे थे।



पास में जाकर देखने पर वे पटरी के नीचे सुरक्षित रहे। तब जाकर ▸▸| शेष पेज 10 पर

### अस्पताल में भर्ती के बाद सूचना मिली

घायल यात्री के परिजन दीपक ने बताया उन्हें जानकारी मिली कि अत्यंत आवश्यक कार्य से साढू गिरीश को भुवनेश्वर जाना था। 3 मिनट विलम्ब से स्टेशन पहुंचने पर ऐसा हादसा हो गया। टिकट पहले से आरक्षित था जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने से घटना घटित हुई। उन्हें अंदरूनी चोट लगने से महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया था, घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे। लेकिन यहां से तब तक डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया जा चुका था। मेडिकल कॉलेज जाने के बाद स्थिति स्पष्ट होगा।

## कोलेंग सहित गांवों की बिजली 20 घंटे बाद बहाल होने से उपभोक्ताओं को मिली राहत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के घने जंगलों से बिछी विद्युत लाइन में पेड़ एवं वृक्षों के डगालों के लाइन में गिरने और बारिश, आकाशीय बिजली से पिन, डिस्क इंश्यूलेटर भष्ट होने से कोलेंग सहित मंडागढ़, छिंदगुर, कांदानार आदि गांवों, सीआरपीएफ के 4 कैम्प में गुरूवार की रात 8 बजे से बिजली बंद रही। इसके चलते ग्रामीण उपभोक्ता परेशान रहे। बिजली बंद होने की सूचना मिलते ही विद्युत कंपनी जगदलपुर ग्रामीण संभाग के कार्यपालन अभियंता सलीम खान के निर्देश पर सहायक अभियंता पन्ना अहिरवार के नेतृत्व में कर्मचारी गुरूवार की ही रात को पहुंचकर लाइन सुधारने में जुटे। इसके चलते लगभग 20 घंटे बाद शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे कोलेंग सहित क्षेत्र के गांव में बिजली बहाल हो सकी, जिससे उपभोक्ताओं ने ▸▸| शेष पेज 10 पर



# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- पीले वस्त्र धारण कर मातृ शक्तियां, युवा व वरिष्ठजन डीजे की धुन में थिरकते रहे
- शोभायात्रा के आगे-आगे बालिका सिर में कलश लेकर चल रही थी

भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पहले पंक्ति में बालिकाएं और युवतियां सिर में कलश लेकर चल रही थी। वहीं बड़ी संख्या में युवा डीजे की धुन पर नाचते चल रहे थे। मातृ शक्तियां तीसरे पंक्ति में भजन गाती जा रही थी। जबकि खुले वाहन में सवार तीन-चार नन्हे बालक फरसाधारी भगवान परशुराम के वेश में सवार थे जो पूरे शोभायात्रा में आकर्षक का केंद्र बने रहे। अंतिम पंक्ति में समाज के वरिष्ठजन भजन करते चल रहे थे। शोभायात्रा में रास्ते भर युवाओं के द्वारा अपने आराध्य के जयकारे लगाते शहर को धार्मिकमय बनाया गया। हाथ में झण्डा थामकर चल रहे थे, इस दौरान युवाओं ने शौर्य का परिचय दिया। भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए युवाओं ने डीजे की धूम पर जमकर डांस किया। चौराहों में परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा का स्वागत जगह-जगह समाज सेवियों के द्वारा जल पान करा कर किया गया। शोभायात्रा के पहले युवाओं की बाइक रैली दंतेश्वरी मंदिर से निकली। जो शहर के विभिन्न मार्गोर् से होते हुए वापस मन्दिर में सम्पन्न हुई। मंदिर के समक्ष मातृ शक्तियों ने फूलों की रंगोली सजाई।

## उत्तराखंड की चोटी पांगर्चुल्ला पर तिरंगा फहराने वाले दल में जगदलपुर के किशोर पारख शामिल

# किशोर ने 15 हजार फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर पाई फतह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

उत्तराखंड के चमोली जिले की बर्फ से आच्छादित चोटी पर पहुंच तिरंगा फहराने वाले दल में जगदलपुर के किशोर पारख भी शामिल थे। 14 सदस्यों ने 15 हजार फीट से ज्यादा कि ऊंचाई पर स्थित पांगर्चुल्ला की चोटी पर चढ़ाई करने में सफलता पाई है।

किशोर ने बताया कि बेस कैंप से लगभग 6 किमी की ऊंची चढ़ाई कर बर्फ से आच्छादित कई पर्वतों को पार कर दल सुबह पांगर्चुल्ला पहुंचा। तापमान 7 डिग्री था जो की तेज ठंडी हवाओं के कारण 10 डिग्री जैसा हो गया था। अभियान में युवा, बुजुर्ग व महिलाएं भी शामिल थी। सभी ने पूरे उत्साह के साथ इस मुश्किल अभियान में सफल हुए। सदस्यों को मौसम की मार झेलनी पड़ी खराब मौसम और बारिश के कारण अभियान को एक दिन टालना पड़ा। किशोर ने बताया कि हौसला हो तो उम्र भी बाधा नहीं बनती। पहले दिन दुगासी से चढ़ाई प्रारम्भ की गई, गुलिंग पहुंच दल ने रात्रि विश्राम किया। अगले दिन गुलिंग से खुल्लारा तक की चढ़ाई की, यह मार्ग घने जंगलों के बीच से दुर्गम चढ़ाई का था। खुल्लारा में बेस कैंप बनाया गया। तीसरे दिन दल ने खुल्लारा से क्वारीटॉप का विशेष अभियान किया और लगभग 14 हजार फिट से ज्यादा की ऊंचाई पर पहुंच ध्वज फहराया। क्वारीटॉप से दल वापस बेस कैंप लौटा। पांचवें दिन मौसम ख़राब होने से ट्रेकिंग नहीं हो पाई छठवें दिन दल ने अपना लक्ष्य हासिल किया।

पांगर्चुल्ला ट्रेक का विशेष अभियान टाइगर एडवेंचर फाउंडेशन मैसूर (इंडिया) की ओर से आयोजित था, जिसके प्रमुख डीएस सोलंकी, ऐसे कई अभियानों का सफल संचालन कर चुके हैं। किशोर ने इस अभियान को रोमांचक और यादगार बताया, उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति लगाव होने के कारण विगत काफ़ी समय से मन में हिमालय की किसी चोटी पर ट्रेकिंग करने की इच्छा थी जो अब पूरी हुई।

### नैना धाकड़ और सोलंकी से मिली प्रेरणा

किशोर ने कहा नैना धाकड़ और डीएस सोलंकी दोनों ने मुझे प्रभावित किया है। जज्बा हो तो पहाड़ भी लांघा जा सकता हैं। उम्र के एक पड़ाव के बाद जब लोग घर परिवार में व्यस्त हो जाते है या बीमारी से घिर जाते है उस उम्र में भी स्वस्थ शरीर हो तो माइनस डिग्री में भी चढ़ाई हो सकती हैं।



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई



**कोण्डागांव।** ग्राम सोहंगा में दो व्यक्तियों के अवैध रूप से शराब की बिक्री करने पर कार्रवाई की गई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अधिक से अधिक अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा ग्राम सोहंगा में जाकर आरोपी गोविंदा नेताम पिता स्व. लुभान उम्र 32 वर्ष के होटल ढाबा पर रेड करने पर हंटर बीयर 160 एम एल का 10 नग , व्हिस्की 01 नग व्हिस्की 180एम एल अंग्रेजी शराब कीमती 180 रुपए, रायल ग्रीन 01 नग 180 एम एल कीमती 200 रू,जुमला कीमती 1980रुपए व बसंत मंडावी पिता राजूराम मंडावी उम्र 35 वर्ष के घर पर रेड करने पर 5 नग बदवाइजर बीयर ,02 नग हंटर बीयर और 01 नग हंटर बीयर प्रत्येक 650 उस अंग्रेजी शराब जुमला कीमती 1270 रुपए बरामद हुआ। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आयोजन: उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

# जिले में 10वीं में 81.08 प्रतिशत एवं 12वीं में 80.75 प्रतिशत छात्र-छात्राएं हुए उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को सम्मान किया गया। जिले में 10वीं कक्षा में 81.08 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है, जिनमें 77.99 प्रतिशत बालक एवं 83.69 प्रतिशत बालिकाएं शामिल हैं। वहीं कक्षा 12वीं में जिले के 80.75 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हैं, जिनमें 79.18 प्रतिशत बालक एवं 81.96 प्रतिशत बालिकाएं शामिल हैं।

सम्मान समारोह में कलेक्टर ने बच्चों से मुलाकात कर उनका प्रोत्साहन किया। सभी बच्चों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है न कि उसका अंतिम लक्ष्य हमें निरंतर मेहनत करते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने ऐसे बच्चे जो या तो प्रावीण्य सूची में स्थान न बना सके या किसी कारणवश परीक्षा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके उनके लिए संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं किसी कक्षा में प्राविण्य सूची में नहीं रहे। परंतु जब उन्होंने अपने जीवन में कुछ करने की सोची और मेहनत की तो वे हर परीक्षा में उत्तीर्ण होते गये और आज कलेक्टर के रूप में कार्य कर रहे है।

बच्चों को भी अपने परिणामों से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। जीवन में परिश्रम के बल पर हर मंजिल को पाया जा सकता है, क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।





### मार्गदर्शन के लिए लगेगा तीन दिवसीय शिविर

कलेक्टर श्री दुद्दावत ने बताया कि जिले के बच्चों को 12वीं के बाद कैरियर के चुनाव, प्रबंधन तथा 10वीं के बच्चों के लिए विषय चुनाव के लिए जिले में तीन दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 10वीं के बच्चों को विषय चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाएगा। शिविर जिला मुख्यालय के साथ विकासखण्ड स्तर पर भी आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त कैरियर मार्गदर्शन एवं परीक्षा परिणामों के उपरांत तनाव से गुजर रहे बच्चों के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जाएगा। जिसके माध्यम से बच्चे काउंसलर द्वारा तनाव प्रबंधन के साथ कैरियर मार्गदर्शन पर सलाह भी प्राप्त कर सकते हैं।



### मजदूर के बेटे लाकेश ने चौथा और राजमिस्त्री की बेटी रिंकी ने भी बनाया स्थान

गिरोला के मजदूर परिवार से संबंध रखने वाले लाकेश दीवान ने 94.33 10वीं की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। लाकेश के पिता महेन्द्र कुमार ने बताया कि वे मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। उन्हें लाकेश के जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने की जानकारी प्राप्त हुई तो उन्हें बहुत खुशी हुई। उन्होंने बताया कि लाकेश स्वयं पढ़ने में रूचि रखता है और हमारे गांव के शिक्षकों ने भी लाकेश का बहुत सहयोग किया है। उरंदाबेड़ा की रिंकी शार्दुल ने बताया कि उनके पिता गांव में राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। जहां उन्होंने अपनी अच्छी आय न होने के उपरांत भी उसकी अच्छी शिक्षा के लिए उन्हें केशकाल पढ़ने भेजा। जहां शिक्षकों सहयोग से वे अच्छे से पढ़ पाईं और जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान बना पाई। रिंकी ने बताया कि वे आगे चलकर आईएएस बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

### मंगलेश सीएस तो सलेहा पारेख बनना चाहती हैं सीए

कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान पर आने वाले शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव के मंगलेश सलाम ने बताया कि उनके पिता एक कृषक हैं। उसकी सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे वह 12वीं में 94.60 प्रतिशत ला पाया। मंगलेश ने बताया कि वह आगे जीवन में सीएस याने कम्पनी सेक्रेटरी बनना चाहते है। वहीं 10वीं कक्षा में 96.17 प्रतिशत लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली केशकाल की सलेहा पारेख ने बताया कि पढ़ाई में स्कूल के शिक्षकों के साथ परिजनों का उन्हें पूरा सहयोग मिला, जिससे वे अपनी पढ़ाई अच्छे से कर सकीं। सलेहा ने बताया कि वे आगे कामर्स विषय लेकर चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहती है।

## जिले की टॉप टेन में आदर्श विद्यालय के 5 विद्यार्थी, कलेक्टर ने किया सम्मानित



**फरसगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 9 मई को 10वीं एवं 12 वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। कोंडागांव जिले में 12 वीं के टॉप टेन में नगर के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पांच विद्यार्थी शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन सभी छात्र-छात्राओं को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को सम्मानित किया।

स्कूल के प्राचार्य बीके अठभैया ने बताया कि उनके विद्यालय से 12वीं कक्षा में पांच बच्चों ने टॉप टेन में जगह बनाई है। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मंगलेश सलाम के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मनीष कुमार कावड़े, पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले जैनेन्द्र बिसेन, षष्टम स्थान वाले कमलेश, दसवें स्थान में अमरनाथ नेताम शामिल है। इसी तरह कक्षा दसवीं के रिजल्ट में रविन्द्र कोर्राम 85.5 प्रतिशत , रूपेंद्र कुमार 85.33 प्रतिशत, राजेन्द्र कश्यप 85 प्रतिशत, विशेष 84.83 प्रतिशत, अमिरलाल 84.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉप टेन में जगह बनाई है। उन्होंने आगे बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक बच्चों की उपलब्धि पर बहुत खुश हैं। टॉप टेन में आने वाले पांचों बच्चे लघु कृषक परिवारों से संबंध रखते हैं। इनमें चार कॉमर्स एवं एक बायो का विद्यार्थी है।

**प्रथम स्थान पर आए मंगलेश, बनना चाहते हैं सीएस :** 12वीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान पर आने वाले शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव के मंगलेश सलाम ने बताया कि उनके पिता एक कृषक हैं। उनकी सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे वह 12वीं में 94.60 प्रतिशत ला पाए। मंगलेश ने बताया कि वह आगे जीवन में सीएस याने कम्पनी सेक्रेटरी बनना चाहते हैं।

## पहले पढ़ाई, फिर विदाई के नारे के साथ निकाली गई बाल विवाह रोकथाम रैली




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बाल विवाह मुक्त कोंडागांव अभियान के अंतर्गत कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में 1 मई से 10 मई तक बाल विवाह रोकथाम रैली कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के दिशा निर्देशानुसार संकुल केंद्र बुनागाँव में बाल विवाह रोकथाम रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य किरण नाग संकुल समन्वयक धरम देवांगन के द्वारा इस अभियान के माध्यम से लोगों को बताया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास प्रभावित होता है।

ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधू के माता–पिता, सगे–संबंधियों, बारातियों यहां तक विवाह करने वाले पुरोहित, पंडितो यदि कोई व्यक्ति किसी बाल विवाह में सहायता करता है निर्देशित करता है। उसका आचरण करता है या उसका पालन करता है तो उसे 2 वर्ष के कठोर कारावास या एक लाख रुपए और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं माता मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है बाल विवाह के कारण हिंसा, शोषण और यौन शौषण का खतरा बढ़ जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी नेताम, अनिता नाग,दासो नेताम, बालमती नेताम, मितानिन फगनी नेताम ने जानकारी देते हुए कहा कि उम्र से पहले शादी होने पर बच्चा शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से वंचित तो होता ही है, साथ ही नाबालिग होते हुए उनके गर्भवती होने और बच्चे को जन्म देने की स्थिति आ जाती है तो इसका असर माँ और शिशु के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पडता है। कुल मिलाकर बाल विवाह बच्चे का बचपन समय से पूर्व खत्म कर देता है। बुनागाँव की सरपंच पंचमी कौशिक ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है तो वह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है।

**ये रहे मौजूद** – इस अवसर पर शिक्षक सूरज नेताम, नितेश नेताम,जयंती सुरजाल, सत्या गौतम, प्रदीप नाग, रूपेश कल्लो, मानिक सुखदेवे, कावेराम पोटाई, संतोषी ठाकुर, बसंती नेताम, ललिता त्रिपाठी, सविता सोरी, माधुरी मेश्राम, ममता खापर्डे, झरना कोडोपी, स्कूली कर्मचारी महादेव भोयर, पूनम यादव और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## आमागढ़ हाईस्कूल दसवीं के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल आमागढ़ के हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 18 छात्र अध्ययनरत थे और सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीण हुए है। विद्यालय में प्रथम दामिनी सिन्हा 89 प्रतिशत, द्वितीय अश्वन्तीन जाड़े 87.83 और तृतीय स्थान पर मुस्कान विश्वकर्मा 80.66 प्रतिशत रहा। शाला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शाला की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि संस्था के सभी 18 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।

## बस्तर के कांग्रेसी ओडिशा में चुनाव प्रचार में जुटे, जीत के लिए बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर के कांग्रेसी ओडिशा में लोकसभा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार कर रहे हैं। नुक्कड़ सभा, जनसंपर्क कर जीत के लिए पसीना बहा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवरंगपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भुजबल मांझी एवं उमरकोट विधानसभा प्रत्याशी सोनराज गोंड के पक्ष में स्टार प्रचारक एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अमीन मेमन ने ग्राम हतगांव ,बिरपुर , सहित अनेको ग्रामों में नुक्कड़ सहित अन्य सभाएं लीं। साथ ही जनसंपर्क सभा भी किया। इस दौरान नवरंगपुर जिला प्रभारी संतोष कोलकोंडा , युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सूरज कश्यप, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जेठूराम मंडावी, कोंडागांव युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीताम्बर नाग, प्रदेश सचिव बिरस साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रायघर सुन्दर सिंह गोंड, जनपद सदस्य रोहित नाग, भगवानी ध्रुव, पप्पू मंडावी, धर्मेंद्र गावड़े सहित सैकड़ों कांग्रेसी व ग्रामीण मौजूद रहे।





## सास की हत्या कर फरार बहू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

- ग्राम पंचायत खण्डसरा की घटना
- न्यायिक रिमांड पर महिला को भेजा गया जेल

विकासखण्ड अंतगर्त ग्राम खण्डसरा में बुधवार को बहू ने अपनी सास की हत्या कर दी थी। बहू ने डंडे से सास के गले और चेहरे में बेरहमी से वार कर मौत के घाट उतारा ओर फरार हो गई। पुलिस ने आरोपी बहू को चंद घंटों में ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खण्डसरा शांतिनगरपारा निवासी 40 वर्षीय चमरे बाई दुग्गा पति रामूराम दुग्गा और उसकी बहू संगीता दुग्गा पति राकेश दुग्गा उम्र 27 वर्ष के बीच घर में कामकाज को लेकर बुधवार को विवाद हुआ। गुस्से में आकर बहू ने डंडे से अपनी सास के गले और चेहरे में वार किया जिससे उसकी मौत हो गई । जिसके बाद बहू घर से भाग गई। छोटे बेटे ने घर आकर देखा तो उसकी माँ चमरे बाई मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके चेहरे और गले मे चोट के निशान थे । उसकी भाभी संगीता घर पर नहीं थी। घटना के दिन सुबह बेटे ने उसकी माँ और भाभी को झगड़ा करते देखा था। जिसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी बड़े डोंगर थाना में दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुचकर जांच पंचनामा कर मृतिका के शव को पोस्टमार्टम हेतु फरसगांव चीरघर भिजवाया गया और फरार बहू की खोजबीन में जुट गई। खोजबीन के दौरान मुखबिर की सूचना और बड़े डोंगर पुलिस ने आरोपी बहू को गांव के ही जंगल के पास से गिरफ्तार किया । पुलिस ने मृतिका के शव के पोस्टमार्टम बाद परिजन को सुपुर्द किया। पुलिस ने थाने में अपराध धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध आरोपी बहू संगीता दुग्गा को गुरुवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



## 36 कर्मचारियों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- अपर कलेक्टर के औचक निरीक्षण में देर से पहुंचे कार्यालय
- जल संसाधन विभाग के 6, खण्ड शिक्षा कार्यालय के 10 एवं सीएमएचओ कार्यालय के 20 कर्मी को जारी

जिले में कार्यालयों के व्यवस्थापन एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर द्वारा जिला मुख्यालय के कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने जल संसाधन विभाग, नगरपालिका, महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की जांच की। उन्होंने उपस्थिति पंजियों के साथ कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले तथा देर से कार्यालय आने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। देर से कार्यालय पहुंचने पर 36 कर्मचारियों को नोटिस दिया है। जिसमें जल संसाधन विभाग के 6, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 10 एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के 20 कर्मचारियों को नोटिस देते हुए सभी को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया।



## केशकाल और नारायणपुर को मिली सौगात

# चीफ जस्टिस ने न्यायालय भवन, आवासीय परिसर का किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

- सभी को पारदर्शिता व कुशलता से कार्य करने की दी नसीहत

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नवीन नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन केशकाल एवं व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के न्यायिक कर्मचारियों के नवनिर्मित आवासीय परिसर का वर्चुअल लोकार्पण आज किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने सिन्हा ने कहा कि जिले के न्यायिक सदस्यों के साथ–साथ कर्मचारियों के कामकाज के लिए अच्छा माहौल स्थापित करने के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। जिला न्यायालयों का दौरा करता रहा हूँ। पिछली बार कोण्डागांव न्यायालय के निरीक्षण से लौटते समय व्यवहार न्यायालय केशकाल में रूका था, जहाँ देखा कि एक महिला न्यायिक अधिकारी एक छोटे से कमरे में अपना न्यायिक कार्य संचालित कर रही थी। इस पर मैंने पूछा कि तुम ऐसे वातावरण में काम करने पर कैसा महसूस करती हो, जिस पर महिला अधिकारी ने बहुत ही विनम्रता से कहा कि अच्छा है सर। प्रशासनिक अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से न्यायालय भवन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नवीन न्यायालय भवन निर्माणाधीन है, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जायेगा। वर्तमान में जब मेरी जानकारी में यह बात आयी कि व्यवहार न्यायालय केशकाल का नवीन भवन बनकर तैयार है, इस पर मुझे बहुत खुशी हुई। न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारी जो इन्फ्रास्ट्रक्चर उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, उसका उपयोग अधिक कुशलता से किया जाए ताकि पक्षकार जो न्याय का इंतजार कर रहे है, उन्हें अधिक अच्छा परिणाम मिल सके। न्यायिक अधिकारी से अपेक्षा करता हूँ कि वे वर्तमान में जितना अधिक कार्य कर रहे है, उससे कुछ और अधिक कार्य पारदर्शिता सहित करें। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि न्यायाधिपति एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला कोण्डागांव संजय कुमार जायसवाल रहे। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का वर्चुअली स्वागत किया।





### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती पीद्व पॉल होरो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमलेश कुमार जुर्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवप्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल श्रीमती अंजलि सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कोण्डागांव दीपक ठाकुर एवं पदाधिकारीगण व अधिवक्तागण मौजूद रहे। इनके अलावा जिला कलेक्टर कोण्डागांव कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार, तहसीलदार कोण्डागांव मनोज कुमार रावटे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव उसेण्डी, न्यायलय अधीक्षक रामनारायण नाग, अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ कोण्डागांव मोहन देवांगन एवं सभी न्यायिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### कोलेंग में धुरवा समाज ...

कर्ज में डूब जाते हैं। इस समस्या का समाधान के लिए सामुहिक विवाह करने का निर्णय किया गया है। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष पप्पूराम नाग, महासचिव डा. गंगाराम कश्यप धुर, निलम सिंह कश्यप, सोनसारी बघेल, संतोष बघेल, रामदेव नाग, बुचू बघेल, रामसिंग नाग, झितरूनाग, आयता नाग, शोभा नाग, सुखराम नाग, बालचंद नाग, मनीराम नाग, महादेव नाग, मंगलू राम नाग, जयराम कश्यप एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन पर चढ़ते...

आशुतोष को राहत मिली। इस बीच पटरी के नीचे से घायल गिरीश को प्लेटफॉर्म के ऊपर लाया गया। चलती ट्रेन में उनका पूरा शरीर 5 से 6 राउंड घूमने से शरीर में अंदरूनी चोट आई। उन्हें भाजपा नेता के प्रयास से आरपीएफ जवान महारानी अस्पताल पहुंचाए। जहां से चिकित्सा परीक्षण के बाद उन्हें डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### कोलेंग सहित गांवों ....

राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि लाइन में दो वृक्ष एवं कई जगहों में पेड़ की डगाल गिरी रही, जिससे सुधारने में कर्मचारी को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा ग्राम नेतानार की लाइन की तकनीकी दिक्कत के चलते बड़ेकवाली सहित 5 गांव में बिजली प्रभावित रही, जिसे कर्मियों ने बहाल किया।

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण:** बिजली बंद होने की सूचना पर सुधारने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों जुटे रहे। इसका निरीक्षण कंपनी के अधीक्षण अभियंता अपनी टीम के साथ किया। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा।

**4 जिले में बहाल हुई बिजली:** विद्युत कंपनी जगदलपुर मंडल के अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव ने बताया कि बारिश एवं आकाशीय बिजली से बस्तर संभाग के बस्तर, बीजापुर, सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिले में विद्युत लाइन के तार, पोल टूटे, इंश्यूलेटर भष्ट होने से बिजली बंद हुई। हालांकि डीई, एई, जेई एवं कर्मचारियों के प्रयास से बिजली बहाल हो सकी।

# कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों से मुलाकात कर दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सुकमा के बच्चों ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल के 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में कड़ी मेहनत से बेहतर परीक्षा परिणाम पाया है। इस वर्ष राज्य स्तर पर सुकमा का परीक्षा परिणाम 10 वीं में प्रदेश में 90.61 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं 12 वीं में 86.85 प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर हैं।

आईएमएसटी स्कूल सुकमा की छात्रा सुश्री दामिनेनी भक्ति पिता दामनेनी नागेन्द्र कुमार ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 95.67 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान और हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वीं में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल पावारास सुकमा की छात्रा सुश्री आस्था चांडक पिता रोहित चाडंक ने 89.60 प्रतिशत लाकर जिले में प्रथम स्थान हासिल करके जिले का मान बढ़ाया है। कलेक्टर हरिस. एस ने मेधावी बच्चों से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। मेधावी बच्चों ने कलेक्टर से चर्चा में बताया कि उन्हें आगे की पढ़ाई पूरी करके सीए, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाकर क्षेत्र के विकास में सहयोग प्रदान करने का सपना है। कलेक्टर हरिस.एस ने उन्हें जूनून और कड़ी मेहनत के साथ आगे की पढ़ाई पूरी करके अपने सपने को साकार करने सहित उज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर रहा,आगामी वर्षों में भी बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें और 10 वीं, 12 वीं मे बेहतर परिणाम लाकर राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने की बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी, जिला परियोजना समन्वयक (परीक्षा प्रभारी) आशीष राम, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं पालक उपस्थित थे।

जिले में कक्षा 10 वीं की टॉपर दामिनेनी भक्तिश्री ने बताया कि उन्हें इंजीनियरिंग के क्षेत्र में और आस्था चांडक ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) में कैरियर बनाने का सपना पूरा करना है। बच्चों ने अपने शिक्षकों, पालकों एवं दोस्तों का उत्साह के साथ आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान सभी का मार्गदर्शन और भरपूर सहयोग मिला है।

## कक्षा 10वीं में रोशनी प्रथम, आकाशी द्वितीय व योगिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया


रोशनी | आकाशी | योगिनी

दंतेवाड़ा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा गुरूवार को हुई। इसके तहत शासकीय हाईस्कूल आंवराभाटा दंतेवाड़ा में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य सुनीता गोस्वामी ने कक्षा दसवीं के उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का आप लोगों को बेहतर परिणाम मिला है। इसे सतत जारी रखें और जिले का नाम रोशन करें। वहीं विषय विशेषज्ञ शिक्षक कमल कर्मकार, किरण एक्का, लिली मंजू टोप्पो, बीएन कुरैशी तथा कीर्ती साहू ने भी बच्चों को बधाई दी है।

***38 में से 17 प्रथम श्रेणी***

आंवराभाटा स्थित शासकीय हाईस्कूल विद्यालय में गुरूवार को घोषित परिणाम के बाद कक्षा दसवीं में पंजीकृत कुल 38 बच्चों में से 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 21 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यालय के परीक्षा परिणामों में रोशनी यादव 88.83 प्रतिशत अंकों से प्रथम स्थान पर रही। इसके अलावा द्वितीय आकाशी 82.33 प्रतिशत तथा तीसरे नंबर पर योगिनी आलम को 74.33 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

## चुनाव बदलाव के मुद्दों पर हो, न कि बांटने वाले मुद्दों पर: लखेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

चुनाव प्रचार के दौरान विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने कहा कि चुनाव बदलाव के मुद्दों पर हो, न कि बांटने वाले मुद्दों पर। बघेल ने कहा जगह-जगह आम जनता नवरंगपुर के लोकसभा प्रत्याशी भुजबल मांझी एवं विधानसभा प्रत्याशी दिलीप प्रधानी को जीताने का संकल्प ले रहें है। हर जगह माताएं-बहनें, बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं। उन्हें, आत्मनिर्भर बनाने वाली 1 लाख रुपये हर साल वाली कांग्रेस की गारंटी बहुत भा रही है।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि आज भाजपा संविधान क्यों बदलना चाहती है, क्योंकि वो आपके अधिकारों को कुचलना चाहती है। वो आरक्षण को कुचलना चाहती है। भाजपा आम जनता की आवाज को दबाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विधायक ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी को परेशान किया, उनकी सदस्यता छीनी, उनका घर छीना, लेकिन वो पीछे नहीं हटे। गांधी परिवार शहादत की है। भाजपा चाहे कुछ भी कर ले, लेकिन हम संविधान को आंच नहीं आने देंगे।

उड़ीसा चुनाव प्रभारी लखेश्वर बघेल ने कोंडापूरी, बादपुर, पांडुगुड़ा, जोबागुड़ा, सरगीगुड़ा, मुंडागुड़ा, चिरमा, केलागुड़ा, नाइकगुड़ा, मोंदेगांव, रेंगगुड़ा में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाकर कांग्रेस के पक्ष में वोट

## खबर संक्षेप

### दीपक बैज ने कोरापुट में किया प्रचार



जगदलपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ओड़िशा में विधानसभा व लोकसभा चुनाव की कमान सम्भालते हुए कोरापुट में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कोरापुट विधानसभा से विधायक प्रत्याशी राम कदम व लोकसभा प्रत्याशी रामचरण उल्का के लिए वोट मांगा। जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र की जनता से दोनों प्रत्याशियों को विजयी बनाने अपील की।

### ओड़िशा के जरीगांव में केदार ने जनता से मांगा समर्थन



जगदलपुर। ओड़िशा चुनाव प्रचार में वनमंत्री केदार कश्यप जरीगांव विधानसभा के खंडा मंडल एवं बोड़बोरंडी के विभिन्न शक्ति केंद्र के गांव में नुक्कड़ सभा के माध्यम से विधायक प्रत्याशी नरसिंह भत्रा एवं लोकसभा प्रत्याशी बलभद्र मांझी के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान वेद प्रकाश पांडे, संग्राम सिंह राणा, अमर यदु एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा नेता जाएंगे कोरापुट, करेंगे प्रचार



जगदलपुर। बस्तर के भाजपा नेता सुधीर पाण्डेय, मनीष पारख, प्रवीण सांखला, अविनाश श्रीवास्तव, रोहित खत्री, शीरिष मिश्रा को ओड़शिा के कोरापुट लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करने जिम्मेदारी दी गई है। वे लोकसभा प्रत्याशी कलिराम माझी एवं कोरापुट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रघुराम माचा के लिए प्रचार प्रसार करेंगे।

### समीक्षा बैठक



जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के एलडब्लूई जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता योजना की क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बीके ग्रीनवुड में प्लॉट्स की बुकिंग प्रारंभ

**बिजनेस साईट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शुक्रवार को अक्षय तृतिया के शुभ अवसर पर कुम्हरावंड जगदलपुर में बीके ग्रीनवुड लक्जरी रेसिडेंशियल कॉलोनी में प्रिमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स की बुकिंग प्रारंभ की गई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में नगरवासी प्लॉट खरीदने साईट पर पहुंचे। इस अवसर पर वहां मौजूद विभिन्न बैंक की शाखाओं से पहुंचे अधिकारियों ने इच्छुक ग्राहकों को फायनेंस की स्किम की जानकारी दी।

बीके ग्रीनवुड के प्रोपराईटर दंतेश्वर पाण्डे एवं विजय पाण्डे ने जानकारी देते बताया कि यह लक्जरी रेसिडेंशियल कॉलोनी टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से एप्रुव्ड ले आउट से बनाई गई है साथ ही यह रेरा रजिस्टेशन प्रोजेक्ट है। यहां आकर्षक प्रवेश द्वार, पूरी तरह से सुरक्षित बाउड्रीवाल से घिरा हुआ, कांक्रीट पहुंच मार्ग, आरसीसी ड्रेनेज सिस्टम, 40 फिट एन्ट्रेंस रोड, स्ट्रीट लाईट्स, शांत हरितम वातावरण, बैहतरीन वाटर सप्लाई व्यवस्था, गार्डन के साथ विशाल आकर्षक मंदिर, बुर्जुगों के लिए मेडिटेशन गार्डन एवं जीम एरिया की व्यवस्था की गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट की सेल्स एवं मार्केटिंग की जवाबदारी शहर के मशहूर बिल्डर्स निलिमा बिल्डर्स ने ली है जिनके पूर्व के कई प्रोजेक्ट का लाभ बस्तरवासी ले चुके हैं।

## किसानों की आर्थिक सहायता में कटौती कर रही साय सरकार



जगदलपुर। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने जारी बयान में शासन द्वारा किसानों को मिलने वाली आर्थिक सुविधा में कटौती का विरोध करते हुए कहा कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छग के किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में विफल हो रही प्रदेश सरकार। विष्णु देव साय सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बजाय किसानों की आय को आधी करने के लिए, किसानों को फिर से पूंजिपतियों और निजी बैंकों के कर्ज में डुबोने के लिए, किसानों के उत्पादन को कम करने के लिए आर्थिक सहायता में कटौती कर रही है। साय सरकार ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को आदेश जारी कर यह कहा है कि किसानों को दी जाने वाली प्रति एकड़ सहायता राशि जो की पूर्व की सरकार में 26000 रुपए थी उसे घटाकर 10,500 कर दी गई है तथा किसानों को 10500 से 1 रूपये अतिरिक्त ना दिया जाए जो कि साय सरकार के किसान विरोधी चेहरे को उजागर करता है।

## आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने ली रसोईया, चौकीदार, जलवाहक एवं भृत्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिलों के समस्त आश्रम-छात्रावासों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने साफ-सफाई, स्वच्छता सहित गुणवत्ता युक्त पौष्टिक भोजन प्रदाय करने के लिए आश्रम-छात्रावासों के रसोईया, चौकीदार, जलवाहक एवं भृत्यों की पहली बार समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर पाण्डेय ने सभी भृत्यों को संस्थान में रहकर आश्रम छात्रावासों की साफ-सफाई नियमित करने के निर्देश दिए। वहीं बच्चों को सुरक्षित माहौल, प्रदान करने अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक होकर करने को कहा। आश्रम-छात्रावासों के बच्चों को नियमित गुणवत्ता युक्त गर्म भोजन एवं निर्धारित मीनू के आधार पर भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा में प्रदाय करने के निर्देश दिए। व्यक्तिगत स्वच्छता पर रसोईयों को भी ध्यान देने को कहा। साफ-सुथरा कपड़ा पहनकर भोजन बनाए, स्वच्छ पानी का उपयोग करने सहित रसोई कक्ष का भी नियमित साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही। रसोईया अपने नाखून की सफाई एवं सिर पर कैप एवं एफरेन पहने ताकि भोजन साफ-सुथरा रहे। सभी कक्षों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर रखने में सहयोग प्रदान करें एवं सभी भृत्य, चौकीदार रात में आश्रम-छात्रावास पर अनिवार्य रुप से रुकने के निर्देश दिये। इस दौरान उपस्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग केएस मसराम ने आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के संचालन हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में कलेक्टर पाण्डेय को अवगत कराया। बैठक में डाईट की प्राचार्या सरिता दुब्बा सहित सभी ब्लॉक के मंडल संयोजक, चौकीदार, रसोईया, भृत्य एवं जलवाहक उपस्थित थे।

## फ्लॉप शो साबित होगा ईंडी गठबंधन : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



ओडिशा के मंच से छत्तीसगढ़ सरकार की योजना की प्रशंसा करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों व तेंदूपत्ता के साथ-साथ अन्य योजना को लागू करने की बात कही। इस दौरान मलकानगिरी जिले के कई ग्रामों के नाम आज भी नंबर से पहचान होती है जो कि गलत है। भाजपा सरकार आते ही राजस्व ग्रामों का दर्जा देकर इन्हे विधिवत नामकरण किया जावेगा।

ओडिशा में होने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। मलकानगिरी विधानसभा व नवरंगपुर लोकसभा चुनाव को लेकर गुरूवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने एमपीव्ही 82 में हजारों की संख्या में मौजूद चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान सुकमा जिला भाजपाध्यक्ष बारसे धनीराम, अरूण सिंह भदौरिया, पी. विजय, लीलाधर राठी, सुभाष चुर्तुवेदी सहित दो दर्जन से ज्यादा सुकमा जिले के भाजपाई मौजूद थे।

सभा को संबोधित करते हुए सुकमा जिला भाजपाध्यक्ष बारसे धनीराम ने कहा कि ओडिशा में किसानों व गरीबों के साथ हमेशा से अन्याय होता आया है। आज छत्तीसगढ़ में किसानों को 3100 रूपये धान का मूल्य व तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपये दिया जा रहा है जबकि ओडिशा में किसानों को मात्र 2100 व तेंदूपत्ता का 3500 रूपये ही दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होने भाजपा प्रत्यासी को व्होट देने की अपील की।

एमपीव्ही 82 में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने ओडिशा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होने कहा कि किसी भी ग्राम की पहचान नंबर नहीं बल्कि नाम से होता है। नबर से तो जेल के कुली की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही सभी नंबरो वाले ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देते हुए नामकरण किया जावेगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के तहत ये अधिकार दिया गया है कि प्रत्येक बहुसंख्यक वर्ग को उनकी भाषा में ही शिक्षा दी जावे लेकिन मलकानगिरी में ऐसा नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार आते ही सबसे पहले बंगाली भाषा में शिक्षा देने का कार्य किया जावेगा।

असम के मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक सिर्फ आके तक ही सीमित हो गये है। आज प्रदेश की बागडोर पड्या के हाथों में है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग सिर्फ कमल के निशान पर वोट दीजिए बाकि का काम हमारे उपर छोड़ दीजिए। जब भाजपा की मोदी सरकार बाबरी ढांचा को तोड़ कर राम मंदिर बना सकती है तो फिर ओडिशा में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होगा।

### ओडिशा में छत्तीसगढ़ की प्रशंसा

असम के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार की योजना की प्रशंसा करते हुए ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों व तेंदूपत्ता के साथ साथ अन्य योजना को लागू करने की बात कही। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किसानो से लेकर तेंदूपत्ता सग्राहको का ध्यान रखते हुए उचित मुल्य दे रही है। वही उड़ीसा में बीजेडी सरकार सिर्फ और सिर्फ लुटने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ सहित असम में अयोध्या में राम मंदिर दर्शन हेतु 1 लाख लोगों को सरकारी खर्च पर ले जाया जा रहा है। ओडिशा राज्य बड़ा है यहां से भाजपा सरकार बनते ही पांच लाख लोगों को दर्शन कराने ले जाया जायेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर, छत्तीसगढ़**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202405152700001 /अ-6 (अ)/2023-2024

1. मुडा पिता लखमा, 2. बोंडा पिता स्व. रघु, 3. रामसिंग पिता स्व. रघु, 4. बुदरी पति स्व. रघु, निवासी- ग्राम-पारापुर तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर..........आवेदकगण

विरूद्ध

1. राजमन पिता स्व. कमलु, 2. मनी पिता स्व. कमलु, 3. रिया पिता स्व. कमलु, 4. दुलगी पति स्व. कमलु, 5. आयते पति माहगु, 6. पण्डरू पिता मंगडू, 7. गागरी पति पायको, 8. बुदरू पिता पायको, 9. पालो पिता पायको, सभी निवासी ग्राम पारापुर तहसील लोहण्डीगुड़ा ..........अनावेदकगण

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मुडा पिता लखमा, बोंडा पिता स्व. रघु, रामसिंग पिता स्व. रघु, बुदरी पति स्व. रघु ग्राम पारापुर तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम पारापुर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर में आवेदकगण के नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर 1032/2, 1196/3, 1210 एवं 1219/2 कुल रकबा 07.54 हेक. भूमि दिनांक 16/08/1998 को आपसी सहमति से पारिवारिक बटवारे में प्राप्त हुयी थी, जिसे एदत पश्चात वाद भूमि कहा गया। वाद भूमि बटवारा पश्चात अन्य पारिवारिक सदस्यों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। किन्तु आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं किया गया है। आवेदकगण को ऋण पुस्तिका क्रं.- 1749100 तैयार कर किसान किताब प्रदाय किया गया है, किन्तु आवेदकगण द्वारा जब वादभूमि का नक्शा, खसरा एव बी-1 की प्रति प्रदाय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है तो उन्हे ज्ञात हुआ कि वाद भूमि का राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि नहीं की गयी है। आवेदकगण एवं अनावेदक क्रंमाक-01 से 05 एक ही कुटुम्ब के सदस्य है, तथा अनावेदक क्रं. -06 से 09 तक आवेदकगण से कोई नातेदारी नहीं है। आवेदकगण क्रमांक-01 से 05 के नाम खसरा नं. 1210 रकबा 4.130 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जबकि बटवारे में उन्हें ख.नं. 1210 रकबा 2.06 हे. भूमि ही प्राप्त है इस अनावेदक क्रं.-01 से 05 के उपरोक्त खसरे में प्राप्त होने वाली भूमि से दुगनी भूमि दर्ज हो गयी है, इस कारण अनावेदक क्रं.-01 से 05 को प्रकरण में पक्षकार बनाया गया है। वर्तमान में अनावेदक क्रं. 06 के नाम पर ख.नं. 1032 रकबा 1.12 हे. एवं अनावेदक क्रं.-07 से 09 के नाम पर ख.नं. 1196 रकबा 1.76 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदकगण द्वारा उपरोक्त भूमि को भी कभी अनावेदकगण को विक्रय नहीं किया गया है तथा दान पर भी नहीं दिया है। अनावेदकगण को वादभूमि में कभी अधिकार का अर्जन नहीं हुआ है, जिसके कारण राजस्व अभिलेखों में अनावेदकगण का नाम दर्ज किया जा सके। वादभूमि के राजस्व अभिलेखों में खसरा क्रं. 1032/2, 1196/3, 1210 एवं 1219/2 कुल रकबा 07.54 हे. भूमि में अनावेदकगण का नाम कांटकर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदकगणों का नाम त्रुटि सुधार किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/ संस्था व अन्य को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति/ दावा इस न्यायालय के नियत पेशी तिथि 24/05/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को ईश्तहार न्यायालय

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**शपथ पत्र**

मैं तिजऊ राम मंडावी पिता दसरा राम मंडावी, उम्र 48 वर्ष, निवासी गंगामुण्डा लाईन लोकेटड एच-3 टाईप, गुरू गोविंद सिंह चौक, नयापारा, मोतीलाल नेहरू वार्ड-15, जगदलपुर, जिला बस्तर, छग का होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूंः-

1. यह कि मेरा पूरा सही नाम तिजऊ राम मंडावी (Tijau Ram Mandavi) एवं पता गंगामुण्डा लाईन लोकेटड एच-3 टाईप, गुरू गोविंद सिंह चौक, नयापारा, मोतीलाल नेहरू वार्ड-15, जगदलपुर, जिला बस्तर, छग है जो कि मेरे आधार कार्ड 8763 7433 6682 में दर्ज है।
2. यह कि मेरी वाहन चालक अनुज्ञप्ति क्र. सीजी 1720080011806 दिनांक 04.04.2008 में मेरा नाम अंग्रेजी में संक्षिप्त में T.R. Mandavi एवं पता एट, सोनपुर, विश्रामपुरी, केशकाल जिला बस्तर छग दर्ज किया गया है।
3. यह कि उक्त दोनों नाम वाला व्यक्ति एकमात्र मैं स्वयं हूं।
4. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपनी वाहन चालक अनुज्ञप्ति में दर्ज अपना अंग्रेजी के संक्षिप्त नाम एवं पता को विलोपित कर पूरा सही नाम एवं वर्तमान पता दर्ज करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

मुहर **शपथकर्ता**

## बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा गुरुवार को 10वीं व 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में 10वीं में कुल 38 और 12वीं में 23 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। 10वीं बोर्ड परीक्षा में 37 और 12वीं में पूरे 23 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। 10वीं बोर्ड में स्कूल में प्रथम स्थान कृष मौर्य ने 91.67 प्रतिशत प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रुद्रनारायण पांडेय 90.67 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर प्रशांत पांडेय ने 89.33 प्रतिशत प्राप्त कर अपनी जगह बनायी। संस्था का 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं विज्ञान संकाय से मानसी नाग 80.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, अमन नाग 80.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर एवं कुमकुम पांडेय 76.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में पहला दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः हर्ष मेश्राम, हर्ष मदेशिया, निधि ठाकुर ने प्राप्त किया। स्कूल का 12वीं का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि ये शिक्षकों के प्रोत्साहन और बच्चों की मेहनत का परिणाम है कि सभी विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए है और नवोदय विद्यालय में भी हमारे 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्राचार्य समेत समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अच्छे परिणामों का श्रेय संयुक्त रूप से प्राचार्य, शिक्षकगण, पालकों और बच्चों को जाता है। स्कूल की दुरुस्त व्यवस्था और अच्छे परिणामों को देखते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल को पीएमश्री स्कूल्स में तब्दील किया जा रहा है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
**पर्यावास भवन, सेक्टर - 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स धुरागांव लाईम स्टोन क्वारी (प्रो. - श्री संतोष नाग), ग्राम - धुरागांव, तहसील - लोहण्डीगुड़ा, जिला - बस्तर स्थित खसरा क्रमांक 415 एवं 416 (पार्ट), कुल क्षेत्रफल - 1.295 हेक्टेयर में चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 14,000 टन प्रतिवर्ष एवं मेसर्स कोड़ेबेड़ा लाईम स्टोन माईन (प्रो. श्री चंद्रभान कश्यप), ग्राम - कोड़ेबेड़ा, तहसील - लोहण्डीगुड़ा, जिला - बस्तर स्थित खसरा क्रमांक 297 एवं 299, कुल क्षेत्रफल - 1.54 हेक्टेयर में प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता - 40,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्तियां / सुझाव / विचार टीका-टिप्पणियाँ, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजनाओं के लिए संयुक्त लोक सुनवाई दिनांक - 11/06/2024, दिन- मंगलवार, समय 11:00 बजे पूर्वान्ह स्थान - शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, चंदनपुर का खेल मैदान, ग्राम पंचायत - कोड़ेबेडा तहसील - लोहण्डीगुड़ा, जिला - बस्तर (छ.ग.) में नियत की गई है। ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 14 सितम्बर, 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (सॉफ्ट कापी), डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली; एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, कार्यालय कलेक्टर, जगदलपुर, जिला- बस्तर, जिला पंचायत कार्यालय, जगदलपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जगदलपुर, कार्यालय जनपद पंचायत, लोहण्डीगुड़ा, कार्यालय ग्राम पंचायत - धुरागांव, कोड़ेबेड़ा, उसरीबेड़ा, बड़ेधाराऊर बड़ांजी, छिंदगांव, कुम्हली, जिला-बस्तर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर, जिला- बस्तर तथा मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर में रखी गई है।

**सदस्य सचिव**
**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,**
**नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### वायरल बुखार, सांस, पेट दर्द के मरीज बढ़े



**जगदलपुर।** मौसम बदलने से शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में एक दिन में वायरल बुखार, पेट दर्द के 850 मरीज पहुंच रहे हैं, इसके अलावा निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। मौसम के कारण मरीजों की संख्या में व्यापक वृद्धि हुई है, बच्चे, जवान एवं बुजुर्गों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का उपचार किया जा रहा है। किसी भी मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल के स्टॉफ को निर्देश दिया गया है।

### जीवनदीप समिति की हुई बैठक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में आज जिला चिकित्सालय में जीवनदीप समिति की सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. कपिल देव कश्यप द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यय की गई राशि की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मांग अनुसार एजेंडा तहत हमर लैब की स्थापना करने तथा शीघ्र ही नए भवन में संचालित करने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन करने, पूर्व में आयोजित किए गए बैठक में दिए गए निर्देश के संबंध में कार्यवाही की जानकारी ली। इसके साथ ही बैठक में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के खर्च के संबंध में जानकारी व वर्ष 2024-25 हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

# बस्तर जिले की टॉपर गुनगुन को अफसोस है स्टेट टॉपर से चुक गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड ब्लाक के विमल विद्या आश्रम मारीगुड़ा चिऊरगांव की छात्रा गुनगुन सिंह चंदेल ने पूरे बस्तर जिले में प्रथम स्थान पाकर अपने गांव समेत शाला और बस्तर का नाम रौशन किया है। कक्षा 12वीं में उसे 90.6 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। पूरे बस्तर जिले के टॉपर होने की खुशी तो उसे है लेकिन स्टेट की मेरिट सूची में नाम होता तो और

- किसान की बेटी बनना चाहती है कृषि अधिकारी
- कड़ी मेहनत की थी इसलिए उम्मीद थी सफलता की

ज्यादा खुशी होती। हरिभूमि से चर्चा में किसान की बेटी गुनगुन ने कृषि अधिकारी बनने की बात कही। उसके पिता राजू सिंह चंदेल किसान हैं तथा मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। गरीब मध्यम परिवार की होनहार बेटी गुनगुन मानती है कि शिक्षा ही ऐसा हथियार है जो अमीर गरीब, छोटा बड़ा, उंच नीच, शहर गांव सब तरह के भेद को मिटा देता है। टॉपर बनने के लिए मैंने कड़ी मेहनत की लेकिन अंग्रेजी का पेपर थोड़ा बिगड़ गया था इसलिए घबराहट भी थी लेकिन अन्य पेपर सब अच्छे गए थे इसलिए अच्छे स्थान की उम्मीद थी। रोजाना दिन में 4-5 घंटे पढ़ाई करती रही परीक्षा के दिनों में रात में भी पढ़ाई की थी। मेरी सफलता में माता-पिता और गुरूजनों का योगदान रहा है। कृषि विषय की छात्रा हूं इसलिए आगे भी इसी विषय को लेकर कृषि के क्षेत्र में पढ़ाई करते हुए कृषि अधिकारी बनकर क्षेत्र की सेवा करना चाहती हूं। अपने संदेश में गुनगुन चंदेल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि हर सफलता के पीछे कड़ी मेहनत है। जो विद्यार्थी सफल हुए हैं उनके पीछे उनकी पढ़ाई के प्रति लगन, गंभीरता और मेहनत है। वहीं असफल हुए विद्यार्थियों के लिए उन्होंने कहा कि सफलता और असफलता जीवन का एक हिस्सा है इसलिए निराश होने की जरूरत नहीं है बल्कि कहां कमियां रही उसे महसूस कर कड़ी मेहनत का संकल्प लें तो सफलता जरूर मिलेगी।

## सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से एलडब्ल्यूई आरआरपी वन की 10 सड़कें अधूरी

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 14 वर्षों में 203 किमी सड़क नहीं बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अलग खबर

बस्तर संभाग के नारायणपुर, बीजापुर एवं सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग के एलडब्ल्यूई आरआरपी वन योजना

- अंदरूनी क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को रही परेशानी

में वर्ष 2010 पूर्व 10 सड़कों का 517.20 किमी सड़क एवं 1177 पुल, पुलियों का निर्माण किया जाना था। लेकिन 14 वर्षों में अब तक 313 किमी सड़क एवं 809 पुल, पुलियों का निर्माण हो सका, पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से 203 किमी सड़क और 344 पुल, पुलियों का निर्माण नहीं हो सका। नारायणपुर-सोनपुर के सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के दौरान होराड़ी, गरपा, कंदाड़ी, सितरम गांव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरओपी बंद होने के चलते निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। इस तरह से अंदरूनी क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांवों में सड़क, पुल, पुलियों का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विदित हो कि संभाग के सात जिलों के नक्सल प्रभावित इलाकों में लोक निर्माण विभाग द्वारा आरआरपी-1 (रोड रिक्वायरमेंट प्लान) एवं एलडब्ल्यूई योजना में सड़क, पुल, पुलियों का निर्माण प्रस्तावित है। संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय अर्धसैन्य बलों के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा कवर किया जा रहा है।

### 3 जिलों के अधूरी सड़कें

नारायणपुर-सोनपुर, छोटे डोंगर-ओरछा, बीजापुर-आवापल्ली-बासागुड़ा, चिंतलनार से मारीगुड़ा, भेज्जी से चिंतागुफा, दोरनापाल-चिंतलनार-जगरगुंडा मार्ग में सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, पुल, पुलियों का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। बताया जा रहा है कि संभाग के किसी भी जिलों में नक्सल घटना होने पर निर्माण कार्य लगभग 10 दिनों तक आरओपी नहीं होने से कार्य बंद रहता है। यही कारण है कि नक्सल प्रभावित एवं अंदरूनी क्षेत्र में निर्माण कार्य समय पर नहीं हो पाता है।

### मुख्यालय को भेजी जा रही जानकारी

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से सड़क, पुल, पुलियों का निर्माण कार्य बंद होने की जानकारी मुख्यालय को भेजा जा रहा है।

# अक्षय तृतीया पर गायत्री मंदिर में हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में परंपरा है कि जिस परिवार में विवाह योग्य युवक या युवती होते हैं, वहां अक्षय तृतीया के दिन शुभ मुहूर्त में उनका विवाह किया जाता है। शहर में शुक्रवार को गायत्री मंदिर में बालगोविंद अग्रवाल के पुत्र अनीष एवं दीपक विश्वकर्मा की पुत्री श्रीजल का विवाह किया गया, इसमें घर के बड़े-बुजुर्ग भी शामिल है। साथ ही गायत्री मंदिर के पंडित सामने दुल्हा के सिर पर मुकुट बांधने, फेरे लेने और विदाई की रस्मों को निभाया गया।

## विश्व हिंदू परिषद् ने महाराणा प्रताप की जयंती पर किया पुष्प अर्पित



**जगदलपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा चौक में भगवा ध्वज लगाकर विश्व हिंदू परिषद ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलित कर उनकी वीरता को याद किया गया। इस दौरान अनिल अग्रवाल, पवन राजपूत, अजय यादव, मुन्ना कोरी, खीरेंद्र दास, विक्रम ठाकुर, गौरव ठाकुर, रूपेश त्रिपाठी, विष्णु ठाकुर, रवि नेताम, सुदेश बघेल, तमिश नायडू, शत्रुघन कश्यप समेत विश्व हिंदू परिषद् ,बजरंगदल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ओडिशा के टिकरी के रोड शो में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जगन्नाथ की भूमि ओड़शिा के रायगढ़ा जिले के टिकरी में रोड शो किया। रोड शो में टिकरी के जनता ने उत्साह से प्रदेश के सभी सीटों पर कमल खिलाने का उद्घोष किया। कोरापुट लोकसभा प्रत्याशी कालीराम मांझी एवं रायगढ़ा विधानसभा प्रत्याशी बसंत उल्का के पक्ष में प्रचार कर भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान करने की अपील किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने रोड शो में जनता से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। रोड शो के पश्चात उपस्थित जनता को मोदी की गारंटी एवं सवांर्गीण विकास के लिए डबल इंजन मॉडल की आवश्यकता के बारे में बताया

## प्रधानमंत्री के विकास कार्यों को गिनाकर प्रदेश अध्यक्ष ने मांगा समर्थन



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने ओडिशा के अपने चुनावी दौरे के दूसरे दिन रायगढ़ा जिले के गुनपुर में भाजपा प्रबंधन समिति की बैठक लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चुनावी स्थिति की जानकारी लेकर प्रत्याशी को जीत दिलाने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक के पश्चात गुनपुर क्षेत्र के भुलुनसुंडा ग्राम में ग्रामवासियों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करने के साथ प्रधानमंत्री के देश के लिए किए गए विकास कार्य एवं योजनाओं को साझा किया। बैठक के पश्चात भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर बीजेडी के कई सदस्यों ने भाजपा प्रवेश किया। सभा में हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों के निराकरण में बरतें संवेदनशीलता : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर श्याम धावड़े ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशीलता के साथ पक्षकारों की समस्याओं को प्राथमिकता दें। इसके लिए कार्यालय प्रमुखों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि मृत शासकीय

- अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

सेवक के परिजनों को तत्काल सहायता मिल सके। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के मामलों को जिला स्तरीय समिति के द्वारा अनुमोदित कर शासन के नियमानुसार नियुक्ति की कार्यवाही कर 10 जून तक सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही अधिसूचित क्षेत्रों में शासकीय सेवकों के निधन से उसके परिवार के आश्रित सदस्य को विभाग में तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत सीमा के पद पर आरक्षित करने के शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देश कमिश्नर ने दी। कमिश्नर धावड़े ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आज बस्तर संभाग के जिलों के अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अनुकम्पा नियुक्ति, संभागीय कार्यालयों के सभी अधिकारियों की अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली।

कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान में आचार संहिता प्रभावशील है। इस बीच अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही को पूर्ण कर लिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए शासन ने प्राथमिकता से प्रकरणों के लिए निराकरण हेतु विशेष निर्देश दिए हैं, इसके लिए जिला स्तर पर समय-सीमा की बैठक में लगातार समीक्षा किया जाए। साथ ही तृतीय, चतुर्थ श्रेणी पर अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही जिला स्तर पर किया जाना है। इस हेतु अनुकम्पा नियुक्ति के लिए जिलों में विशेष शिविर आयोजन करने के निर्देश दिए। जिसमें सभी विभाग के द्वारा अनुकंपा के प्रकरणों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर आवश्यकता वाले दस्तावेजों को शिविर स्थल पर ही बनवाने की कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का निराकरण करें।

कमिश्नर ने बताया कि संभाग स्तर में तृतीय श्रेणी के 48,487 स्वीकृत पद में से 14,357 रिक्त हैं। इसी प्रकार चतुर्थ श्रेणीं के 12,535 स्वीकृत पद में से 3272 पद रिक्त हैं। जिसमें स्वीकृत पदों के आधार पर 25 प्रतिशत पदों में अनुकम्पा नियुक्ति कार्यवाही की जा सकती है। सभी जिलों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर को बनाया गया है। संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति के लगभग 188 लंबित प्रकरण हैं। कमिश्नर ने अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में संभाग स्तर पर शिकायतों के निराकरण हेतु डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार और कमिश्नर कार्यालय के स्टेनो हरेन्द्र जोशी को अधिकृत किया है। इसके अलावा जिला कार्यालय से भी टोल फ्री नम्बर जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिलावार समीक्षा करते हुए कोण्डागांव में विधानसभा निर्वाचन के दरमियान हुए दुर्घटना में मृतक शासकीय सेवकों के आश्रित परिजनों को जल्द अनुकंपा देने के निर्देश दिए। अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में विभागों द्वारा राज्य स्तर पर भेजे गए प्रकरण को वापस मंगवाकर उसका जिला व संभाग स्तर पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में नक्सल हिंसा से पीड़ित व्यक्ति व परिवार के सदस्य को नक्सल पुनर्वास नीति के तहत पात्रता और योग्यता के आधार पर शासकीय सेवा में नियुक्ति के प्रावधानों पर भी चर्चा किया गया। जिसमें पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता के साथ सातों जिलों में 1640 प्रकरणों में से 617 पर ही शासकीय सेवा में नियुक्ति दी गई है। लंबित प्रकरणों को जिला स्तरीय पुनर्वास नीति के समिति द्वारा नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बैठक में केंद्रीय पुनर्वास नीति 2009 की योजना पर भी जानकारी दी गई और योजना का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों का विभाग स्तर पर तत्काल निराकृत करने, मसाहती सर्वे कार्य की समीक्षा, वनाधिकार मान्यता पत्र और राजस्व अधिकारियों के विभागीय कार्यों हेतु प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाने पर चर्चा किया गया। बैठक में डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, माधुरी सोम, संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन कमलेश रायस्त, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर, कोण्डागांव और नारायणपुर के अपर कलेक्टर, संयुक्त संचालक शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत मण्डल, पीएमजीएसवाय के संभाग स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोकने चलाया गया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग वरुण नागेश के मार्गदर्शन में यूनिसेफ के सहयोग से जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए, किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 9 मई को गीदम के बस स्टैंड में युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा बाल विवाह मुक्त दंतेवाड़ा की संकल्पना के साथ "चलो अब शुरुआत करें, बाल विवाह का नाश करें" जैसे नारों, नुक्कड नाटक एवं रैली के माध्यम से, बाल विवाह रोकथाम व उसके दुष्परिणाम से आम नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में, बाल विवाह से किशोर बालक-बालिकाओं पर पड़ने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुरूप लड़के व लड़कियों की विवाह हेतु निर्धारित आयु की जानकारी देते हुए आम लोगों को अपने आस-पास बाल विवाह नही करने व बच्चों की नियमित शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन, सखी वन स्टॉप के जिला समन्वयक यूनिसेफ के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।




